Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to ease various norms for industrial development of Agra.

प्रो. एस. पी. सिंह बघेल (आगरा): अध्यक्ष जी, बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं अपने लोक सभा क्षेत्र आगरा के औद्योगिक विकास के बारे में बात करना चाहूंगा । महोदय, सुप्रीम कोर्ट, एनजीटी और टीटीजेड वक्र दृष्टि से आगरा के औद्योगिक विकास को देख रहे हैं । पिछले कई साल से एड्हॉक मोरेटोरियम लगने से वहां जीरो लेवल पर विकास हो रहा है । इसलिए या तो संसद टीटीजेड को हटाए या फिर उस इलाके में जो उद्योग हो सकते हैं, उनको स्थापित करने में टीटीजेड हमारी मदद करे ।

मैं यह कहना चाहता हूँ कि कोई भी उद्योग पॉल्यूशन इंडस्ट्री नहीं होता है । इंडस्ट्रीज होनी चाहिए और माननीय सुप्रीम कोर्ट, एनजीटी तथा टीटीजेड के पॉल्यूशन के नियमों का पूरी सख्ती के साथ पालन करवाना चाहिए । हम ये कैटेगरीज कैसे बना सकते हैं कि ये इंडस्ट्रीज ब्लैक कैटेगरीज में है, ये व्हाइट में हैं और ये ऑरेंज में हैं? आगरा में जो कैटेगरीवाइज इंडस्ट्रीज को डाल रखा है, उससे हमारा बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है । पिछले 10-15 सालों से वहां पर 5 हजार स्क्वायर मीटर से ज्यादा का निर्माण नहीं हो पा रहा है । कोई होटल नहीं बन पा रहा है, बैराज नहीं बन पा रहा है और यहां तक की प्रधान मंत्री जी के आवास का क्लस्टर भी नहीं बन पा रहा है । मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि वहां पर 10-15 सालों से जो उद्योग रुके हुए हैं, उसे एसईजेड घोषित करते हुए स्पेशल पैकेज दिया जाए ।

महोदय, कोटा एजुकेशन का बहुत बड़ा हब बन गया है । 'आपके पहलू में गुल ही गुल हो, इधर तो गुल की खुशबू ही काफी है' इसलिए यहां पर भी एक आईआईटी हो जाए, एक आईआईएम हो जाए और आगरा में बहुत बड़ा एयरफोर्स और आर्मी का क्षेत्र है तो वहां पर हमें एक सैनिक स्कूल भी प्रदान करने की कृपा करें । आगरा को एसईजेड घोषित करते हुए स्पेशल पैकेज जरूर दिया जाए ।